2170/31-07-2021

**दिनांक–30.07.2021 को बेगूसराय, सुपौल और शेखपुरा के बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं शिविर प्रभारी के साथ विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया में L.P.M निर्गत करने के क्रम में आनेवाली कठिनाईयों के संबंध में Zoom के माध्यम से की गई समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

**उपस्थितिः–** Zoom App के अनुसार संधारित।

दिनांक–30.07.2021 को विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अन्तर्गत प्रपत्र–6 (खेसरा पंजी) के संधारण पश्चात् हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में संधारण एवं L.P.M (Land Parcel Map) को निर्गत करने में आ रही कठिनाईयों तथा L.P.M और खानापुरी पर्चा वितरण के सम्बन्ध में निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप की अध्यक्षता में बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय, सुपौल एवं शेखपुरा तथा सम्बन्धित शिविर प्रभारी के साथ Zoom के माध्यम से बैठक की गई। बैठक में विमर्शोपरांत निम्नांकित निर्णय लिए गए एवं आवश्यक निदेश दिए गए।

1. **<u>खेसरों की प्रविष्टि पश्चात् संख्या में अंतरः</u>–** बेगूसराय के शिविर प्रभारियों द्वारा बताया गया कि प्रपत्र–6 में की गई प्रविष्टियों के विरूद्ध निर्गत होने वाले L.P.M की संख्या में अन्तर आने के कारण सभी खेसरों का L.P.M निर्गत नहीं हो पाता है। साथ ही यदि संधारित खेसरा के रकबा में परिवर्त्तन होता है तो पहले वाले खेसरा विलोपित नहीं हो पाता है।

बैठक में उपस्थित तकनीकी सेल के प्रोग्रामर, श्री प्रिंस कुमार एवं श्री कुणाल कुमार को L.P.M निर्गत होने में प्रपत्र–6 और निर्गत होने वाले L.P.M की संख्या में आने वाले अन्तर सम्बन्धी तकनीकी कठिनाई का यथाशीघ्र दूर करने का निदेश दिया गया। विशेष सर्वेक्षण शाखा को प्रपत्र–6 की प्रविष्टियों के आधार पर L.P.M निर्गत करने के पूर्व संधारित डाटा को जाँचोपरांत Freeze करने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश देने के लिए सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को पत्र देने का निदेश दिया गया।

2. **(i) <u>प्रपत्र–6 के कॉलम 11 में प्रविष्टि किए जाने वाले भूमि के वर्गीकरण संबंधी सूची</u>** :– शिविर प्रभारियों द्वारा बताया गया कि प्रपत्र–6 मे प्रविष्ट किए जाने वाले भूमि के वर्गीकरण संबंधी सूची में सड़क, रेल, सार्वजनिक उपयोग की भूमि तथा नदी का विकल्प नहीं रहने के कारण कठिनाई आ रही है।

**(ii) <u>प्रपत्र–6 के कॉलम 10 में संधारित खेसरे की भौतिक विवरणी की सूची के संबंध में</u>** :– शिविर प्रभारियों द्वारा प्रतिवेदन किया गया कि खेसरों की भौतिक विवरणी की सूची में आवासीय एवं वाणिज्यिक जल निकाय, सिंचाई पर्यावरणीय एवं बागवानी संबंधी सूची में मकान के प्रकार, दुकान, कुँआ, पाईन, लिफ्ट सिंचाई तथा बांसवारी (रैयती) को समाविष्ट किए जाने की आवश्यकता है एवं विभिन्न प्रकार के पाईपलाइन तथा पशु एवं मत्स्य संसाधन संबंधी भूमि के प्रयोग के लिए विकल्प निर्धारित किए जाने की आवश्यकता है।

**(iii) <u>प्रपत्र–6 के कॉलम 2 में संधारित धारण के प्रकार के आधार पर अभ्युक्ति कॉलम में नवैयत की सूची के संबंध में</u>** :– शिविर प्रभारियों द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि नवैयत में वैसी भूमि जो खतियान के आधार पर सरकारी है और भूहदबंदी से अर्जित भूमि का विकल्प दिए जाने की आवश्यकता है।

उपर्युक्त बिन्दुओं के संबंध में विमर्शोपरान्त निर्णय लेते हुए निदेश दिया गया कि भूमि के वर्गीकरण तथा भौतिक विवरणी की सूची में संशोधन के लिए निदेशालय पर एल0आई0एस0 सलाहकार की अध्यक्षता में बैठक कर आवश्यक निर्णय लेते हुए निर्णयानुसार संशोधन सूची का अनुमोदन अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर लिया जाए एवं आई0टी0 सेल/एन0आई0सी0 के माध्यम से सूची में सुधार कर सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को यथाशीघ्र सूचित कर दिया जाए। साथ ही निदेशालय स्तर से नवैयत की सूची में पत्रांक–1493 दिनांक–19.04.2021 के द्वारा किए गए संशोधन के संबंध में आई0टी0सेल तथा सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को छायाप्रति देते हुए स्मारित किया जाए।

3. <u>**LPM एवं खानापुरी पर्चा (प्रपत्र–7) के मुद्रण एवं वितरण के संबंध में**</u> :– निदेश दिया गया कि प्रपत्र–7 में संधारित किए जाने वाले खानापुरी पर्चा को शिविर प्रभारी शिविर स्तर पर संधारित एवं मुद्रित कर हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को उपलब्ध कराएगें। हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा LPM का मुद्रण कर उन्हें खानापुरी पर्चा के साथ सम्बद्ध कर रैयतों के मध्य वितरण करवाना सुनिश्चित किया जाएगा।

उपरोक्त सभी निदेशों के ससमय अनुपालन के अनुरोध के साथ अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

**(जय सिंह)** 31/7/21
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019........2170........**पटना, दिनांक** :–31-07-2021

**प्रतिलिपिः**– बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय, सुपौल एवं शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019........2170........**पटना, दिनांक** :–31-07-2021

**प्रतिलिपिः**–बन्दोबस्त पदाधिकारी, बांका, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, मुंगेर एवं नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019........2170........**पटना, दिनांक** :–31-07-2021

**प्रतिलिपिः**–सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय), बेगूसराय, सुपौल, शेखपुरा, बांका, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, मुंगेर एवं नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**: 17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019........2170........**पटना, दिनांक** :–31-07-2021

**प्रतिलिपि** :– जिलों से संबंधित तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84 / 2019........2170........**पटना, दिनांक** :–31-07-2021

**प्रतिलिपिः**– एल0आई0एस0 सलाहकार, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84/2019..........2170..........पटना, दिनांक :–31-07-2021

**प्रतिलिपिः–** सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84/2019..........2170..........**पटना, दिनांक** :–31-07-2021

**प्रतिलिपिः–** प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा/प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः17–वि0सर्वे0(कार्यवाही)–84/2019..........2170..........**पटना, दिनांक** :–31-07-2021

**प्रतिलिपिः–** श्री प्रिंस कुमार/श्री कुणाल कुमार, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप